अभ्यास : प्रश्न तथा उनके उत्तर

1. सबके लिए स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध करने के लिए सरकार कौन-कौन से कदम उठा सकती है ? चर्चा करें।

उत्तर—सबके लिए स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध करने के लिए सरकार को सबसे पहले पीने की उचित पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। स्वास्थ्य सुविधाएँ प्रदान करने वाली संस्थाओं स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला अस्पताल आदि को सुचारू ढंग से कार्य करने के निर्देश देने चाहिए। सभी अस्पतालों में बच्चों को लगाए जाने वाले जीवनरक्षक टीके और दवाएँ मुफ्त में मिलने चाहिए। गर्भवती महिलाओं में खून की कमी को दूर करने के आयरन की गोली देनी चाहिए। अस्पतालों में बेड की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। डॉक्टरों की कमी को भी दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। गाँव में भी अस्पताल खुलवाने चाहिए और डॉक्टरों की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे गाँव के लोगों के बीमार होने पर वहीं उनका इलाज हो सके, क्योंकि ज्यादातर लोगों को बीमारी के दौरान शहर लाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो जाती है।

2. शिक्षा की स्थिति बेहतर करने के लिए सरकार की क्या भूमिका होनी चाहिए ?

उत्तर—शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सरकार को शिक्षा को कानून का रूप देना चाहिए। शिक्षा पाना सबका हक है, पर जिसे शिक्षा नहीं मिल पा रही है, वो न्यायालय का सहारा ले सके। शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। सबसे पहले स्कूल की व्यवस्था को ठीक करना चाहिए, क्योंकि शिक्षा पाने के लिए यह पहला पड़ाव है। स्कूलों की व्यवस्था ठीक होने से बच्चों की पढ़ाई की नींव सही होगी। इसके लिए जरूरी है कि हर जगह गाँव में भी मध्य विद्यालय के साथ ही उच्च विद्यालय भी है। कॉलेजों की भी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि विद्यार्थियों को

ए। कॉलेजों की भी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए घर से बहुत दूर नहीं जाना पड़े। क्योंकि कुछ विद्यार्थियों खासकर लड़कियों को घर से दूर जाकर पढ़ाई करने की अनुमति नहीं दी जाती है और उनकी पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। रोजगार के क्षेत्र में बढ़ोत[illegible] करने से भी लोग शिक्षा की ओर आकर्षित होंगे। इन सबके सा[illegible] ही सरकार को जनता के लिए शिक्षा के महत्व को भी बताते [illegible]हे।

3. सर्वे क्यों किया जाता है ? आ[illegible]ने इस पाठ में किए गए सर्वे से क्या समझे ?

उत्तर—किसी विषय के बारे में जनता की क्या राय है, उस विषय के बारे में उनके बीच कितनी [illegible]ानकारी है और इन बातों का उनके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। इन सारी बातों की जानकारी के लिए सर्वे किया जाता है।

इस पाठ में किए गए सर्वे का [illegible]ुख्य विषय है बच्चों के स्कूल नहीं जाने के कारण का पता लगा[illegible]। इस सर्वे में यह पता लगाने की कोशिश की गयी थी कि जो [illegible]च्चे कभी स्कूल नहीं गये उनके स्कूल नहीं जाने का कारण, जो बच्चे विद्यालय जाते थे पर बीच में ही उन्होंने विद्यालय जाना छो[illegible] दिया इसका क्या कारण है जो बच्चे बाल मजदूर हैं पढ़ने-लिखने के समय में काम करते हैं, इसका क्या कारण है ?

4. एक ही बच्चे में जो सर[illegible]कारी स्कूल, निजी स्कूल, निजी स्कूल या अन्य किसी स्कूल में पढ़ते हैं उनसे बातचीत करके पता करें कि इ[illegible] स्कूलों में क्या समान और क्या अन्तर है।

उत्तर—छात्र स्वयं करें।